वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलें

क्रम सं.	कार्यान्वयन एजेंसी और रा.ल.उ.नि. कार्यालय का नाम	परियोजना (परियोजनाओं) का स्वरूप
1.	**रामकृष्ण मठ विद्यापीठ, पुरुलिया** शाखा कार्यालय कोलकाता	एनएसआईसी द्वारा पूर्व में स्थापित गांव बागडा जिला पुरुलिया में पैथ लैब के संचालन की लागत प्रदान की।
2.	**हैंडिकेप्ड वेल्फेयर फेडरेशन (एचडब्ल्यूएफ)** शाखा कार्यालय संसद मार्ग	एनएसआईसी द्वारा स्थापित कंप्यूटर सेंटर में महिलाओं, छात्रों, विकलांग व्यक्तियों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों को कंप्यूर प्रशिक्षण प्रदान किया।
3.	**हेल्पेज इंडिया** शाखा कार्यालय संसद मार्ग	पूर्व में एनएसआईसी द्वारा वित्तपोषित मोबाइल यूनिट (एमएमयू) की संचालन लागत। एमएमयू के माध्यम से वितरित परीक्षणों और औषधियों की लागत।
4.	**डीफ इनेबल्ड फाउंडेशन** शाखा कार्यालय चेन्नै	तीन स्थानों नामत: पुदुचेरी, तंजावुर और तिराफचिरापल्ली में बधिर छात्रों के लिए व्यावसायिक केंद्र के संचालन की लागत।
5.	**इरा फाउंडेशन** शाखा कार्यालय लखनऊ	स्वच्छ पेय जल प्रदान करने के लिए जिला देवरिया में आरओ जल संशोधन संयंत्र की स्थापना।
6.	**मैत्री परीक्षा सेवा मिशन** एनटीएससी ओखला	दक्षिण पुरी, नई दिल्ली की गंदी बस्ती के सुविधावंचित बच्चों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु सहायता। इसमें पुस्तकों, लेखन-सामग्री, चिकित्सा सहायक, अध्यापक एवं परियोजना समन्वयकों के वेतन आदि के आवर्ती तथा एक कंप्यूटर, यूपीएस और फर्नीचर तथा जुड़नार आदि के अनावर्ती व्यय शामिल हैं।

7.	**भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट** शाखा कार्यालय लुधियाना	बुनाई उद्योग के क्षेत्र में एरिया के युवाओं के लिए रोज़गार अवसरों के सृजन हेतु पहले से स्थापित व्यावसायिक एवं पुनर्वास केंद्र हेतु आवर्ती और अनावर्ती व्यय प्रदान किया।
8.	**सेंट ग्रेगोरियस चैरिटेबल सोसाइटी** शाखा कार्यालय दिल्ली	विविध विकलांगताओं वाले बच्चों की शिक्षा के लिए आने-जाने की सुविधाओं हेतु वाहन प्रदान किया।
9.	**भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट** शाखा कार्यालय जालंधर	जालंधर और निकटवर्ती क्षेत्रों में विकलांगता शिविरों के माध्यम से शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को कत्रिम अंग प्रदान किए सहायक और उपकरणों में निम्न एवं ऊपरी अंग, कैलिपर, तिपहिया साइकिलें/व्हील चेयर्स, श्रवण सहायक यंत्र और बैसाखियां शामिल हैं।
10.	**एसोसिएशन फॉर ब्लाइंडनेस एंड लेप्रोसी एरैडिकेशन** शाखा कार्यालय फरीदाबाद	पलवल और वृंदावन जिले में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए और 500 मोतियाबिंद शल्यचिकित्सा की।
11.	**कृषि मित्र एग्रोटेक** शाखा कार्यालय नागपुर	समाज के पिछड़े वर्गों की महिलाओं को ड्रेस डिजाइनिंग और टेलरिंग (कौशल विकास प्रशिक्षण) में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया।
12.	**नेत्रहीन विकास संस्थान** शाखा कार्यालय, जयपुर	दृष्टिबाधित छात्रों को कंप्यूटर, अंग्रेजी बोलने और व्यक्तित्व विकास, टेलरिंग, हस्तशिल्प और संगीत में भी शिक्षण सहित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया।
13.	**सौराष्ट्र मेडिकल एंड एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट्र** एनटीएससी राजकोट	विवाहयोग्य पात्र युवाओं (लड़कों और लड़कियों) की थैलासीमिया की जांच की। इससे थैलासीमिया वाले बच्चों के जन्म की रोकथाम में मदद मिलेगी। प्रमुख थैलासीमिया रोगियों को नि:शुल्क रक्त प्रदान किया गया।

14.	**इरा फाउंडेशन** शाखा कार्यालय हैदराबाद	स्वच्छ पेय जल प्रदान करने हेतु महबूब नगर जिले की ग्राम पंचायल, येल्लूर (ग्रा.), कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में आरओ जल संशोधन यंत्र की स्थापना । सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के देवरिया जिले के गांव खैरातिया और गांव देवगन में दो अर्थात् प्रत्येक गांव में एक-एक आरओ जल संशोधन संयंत्रों की स्थापना की।
15.	**भारत सेवाश्रम संघ** एनटीएससी हावड़ा	पंद्रह चिकित्सा स्वास्थ्य चेक-अप शिविर आयोजित किए। विधि विकलांगताओं वाले व्यक्तियों को तिपहिया साइकिलें/व्हील चेयर्स, बैसाखियां एवं श्रवण सहायक यंत्र वितरित किए गए।
16.	**वूमन चिल्ड्रेन वेलफेयर एंड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (वार्डस)** शाखा कार्यालय नोएडा	जिला अजमेर के तीन गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, नि:शुल्क औषधियां, नि:शुल्क मूल निदान, नि:शुल्क निवारक जांच, नि:शुल्क लैब और डायग्नोस्टिक परीक्षण शामिल हैं।
17.	**सस्टेनेबल एक्शन टुवर्डस हयुमन एम्पावरमेंट (साथी)** शाखा कार्यालय नैनी	गैर-परंपरागत और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के माध्यम से पर्यावरण धारणीयता का संवर्धन किया। इसे गांव पायसी में पांच सौर उच्च मास्ट स्ट्रीट लाइटें और पच्चीस सौर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम प्रदान करके संभव बनाया गया।
18.	**डिस्ट्रिक्ट रूरल डेवलपमेंट एजेंसी, वारंगल (डीआरडीए)** एनटीएससी हैदराबाद	पूर्व में एनएसआईसी द्वारा स्थापित इंक्यूबेशन केंद्र की संचालन लागत। कंप्यूटर और ब्यूटीशियन पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

19.	**आर्टिफिशियल लिम्बस मैनुफैक्चरिंग कॉरपोरेशनल ऑफ इंडिया (एलिम्को)** एनटीएससी हैदराबाद	तेलंगाना में मेडक जिले के विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को तिपहिया साइकिलें, व्हील चेयर्स, बैसाखियां, ब्रेल किट और केन, एयर बैटरी सहित डिजिटल श्रवण सहायक और मल्टी-सेंसरी इंक्लुसिव डेवलपमेंट किट (एमएसआईईडी) प्रदान की गई।
20.	**नारायणा नेत्रालय फाउंडेशन** शाखा कार्यालय बंगलौर	बंगलौर जिले के अनेकल तालुक में आंखों के रोगों का पता लगाने के लिए स्कूलों में चक्षु शिविर आयोजित किए और बच्चों को चश्में प्रदान किए गए।
21.	**आर्टिफिशियल लिम्बस मैनुफैक्चरिंग कॉरपोरेशनल ऑफ इंडिया (एलिम्को)** शाखा कार्यालय कानपुर	देवरिया जिले के विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को तिपहिया साइकिलें, व्हील चेयर्स, बैसाखियां, ब्रेल किट और केन, एयर बैटरी सहित डिजिटल श्रवण सहायक और मल्टी-सेंसरी इनक्लुसिव डेवलपमेंट किट (एमएसआईईडी) प्रदान की गई।
22.	**गणदूत सोशल वेल्फेयर सेंटर** शाखा कार्यालय गुवाहाटी	75 महिलाओं को स्व-रोज़गार हेतु सिलाई मशीनों के वितरण सहित फैशन डिजाइनिंग और टेलरिंग में कौशल विकास प्रशिक्षण, जिसमें त्रिपुरा की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाएं भी शामिल हैं।
23.	**स्वच्छ गंगा निधि** मुख्यालय	"स्वच्छ गंगा निधि" में अंशदान दिया।